## एक नजर में

### सैमसंग गैलेक्सी एस26 एफई की बिक्री शुरू

इंदौर. सैमसंग इंडिया ने आज अपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज के नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एस 26 एफई की बिक्री शुरू होने की घोषणा की. 79,999 रुपये की कीमत में उपलब्ध यह स्मार्टफोन पिस्ताचियो, ब्लूबेरी और ग्रेफाइट रंगों में आता है. गैलेक्सी एस26 एफई खरीदने वाले ग्राहक कई तरह के ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें पुराना फोन एक्सचेंज करने पर 8,000 रुपये तक का अपग्रेड बोनस शामिल है. ग्राहक बिना किसी डाउन पेमेंट के 30 महीने तक की आसान किस्त या चुनिंदा एनबीएफसी पार्टनर्स के जरिए 10 महीने की डाउनपेमेंट के साथ 40 महीने तक की किस्त का विकल्प भी चुन सकते हैं. दोनों ईएमआई विकल्पों पर ग्राहकों को 3,000 रुपये का अतिरिक्त अपग्रेड बोनस मिल सकता है. गैलेक्सी एस26 एफई में बेहतर कैमरा सिस्टम, स्मार्ट गैलेक्सी एआई फीचर्स, दमदार परफॉर्मेंस और 6.7-इंच का बड़ा डायनैमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले मिलता है.

### एआई+ नोवा 2 पॉवर में परफॉर्मेंस व आकर्षक डिजाइन

इंदौर. एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा 2 सीरीज़ का नया स्मार्टफोन नोवा 2 पॉवर 5जी लॉन्च किया है।.यह फोन नई पीढ़ी के यूज़र्स के लिए तैयार किया गया है, जिसमें आकर्षक डिजाइन के साथ बेहतर परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी मिलती है. नोवा 2 पॉवर को पारंपरिक स्मार्टफोन लॉन्च से अलग अंदाज में नई दिल्ली में आयोजित एक फैशन शो के रैंप पर लॉन्च किया गया. एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस (एआई+ स्मार्टफोन) के सीईओ माधव सेठ ने कहा आज टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी का हिस्सा है. स्मार्टफोन सिर्फ काम आने वाला डिवाइस नहीं, बल्कि अपनी पसंद और स्टाइल को जाहिर करने का एक तरीका भी है. नोवा 2 पॉवर में डिजाइन और परफॉर्मेंस को साथ लाया गया है. इसकी आकर्षक कलर फ्यूजन डिजाइन तुरंत ध्यान खींचती है, वहीं इसकी पॉवर हर दिन की जरूरतों को पूरा करने में साथ देती है.

### एक्सिस बैंक ने 'ओपन' अभियान पेश किया

इंदौर. एक्सिस बैंक ने आज ओपन की आदत पड़ जाएगी प्रचार अभियान पेश किया. यह बैंक की डिजिटल बैंकिंग पेशकश ओपन के विकास का अगला चरण है. एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड – डिजिटल बिज़नेस, ट्रांसफॉर्मेशन × स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स, समीर शेट्टी ने कहा एक्सिस बैंक में, हम ऐसी स्मार्ट, सुरक्षित और ग्राहक-केंद्रित क्षमता के निर्माण पर ध्यान दे रहे हैं जो ग्राहकों को उनकी वित्तीय यात्रा पर अधिक दृश्यता, लचीलापन और नियंत्रण प्रदान करे. ओपन के ज़रिए, हम न सिर्फ बैंकिंग संवाद को डिजिटल बना रहे हैं, बल्कि ग्राहकों के अपने बैंकों से जुड़ाव को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं. यह प्रचार अभियान इस दृष्टिकोण को हकीकत में बदलता है और दिखाता है कि बेहतरीन डिजिटल अनुभव किस तरह ग्राहकों के व्यवहार को प्रभावित कर सकता है, उनकी उम्मीदें बढ़ा सकता है और ग्राहकों के साथ जुड़ाव को मज़बूत बना सकता है.

### एड्रॉइट इंडस्ट्रीज का आईपीओ 23 सितंबर को खुलेगा

इंदौर. चार दशकों से अधिक के परिचालन अनुभव वाली एड्रॉइट इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड प्रोपेलर शाफ्ट और टॉर्क-ट्रांसमिशन कंपोनेंट्स की वर्टिकली इंटीग्रेटेड निर्माता कंपनी है. कंपनी का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) बुधवार 23 सितंबर को खुलने जा रहा है. कंपनी का लक्ष्य ऊपरी मूल्य बैंड पर 150.71 करोड़ रुपए जुटाना है. कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे. एड्रॉइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ सांगला ने कहा, आगामी आईपीओ कंपनी के लिए एक नए चरण की शुरुआत है. पिछले वर्षों में हमने फोर्जिंग, प्रिसिजन मशीनिंग, हीट ट्रीटमेंट, असेंबली, बैलेंसिंग और टेस्टिंग सहित वर्टिकली इंटीग्रेटेड क्षमताएं विकसित की हैं और अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर ड्राइवलाइन कंपोनेंट्स के 5,000 से अधिक एसकेयू तक पहुंचाया है, जिन्हें 32 से अधिक देशों में ग्राहकों को सप्लाई किया जाता है.

### क्लासिक 350 सिग्नेचर व्हाईट एडिशन पेश किया

इंदौर. मिड-साईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज 2026 क्लासिक 350 'सिग्नेचर व्हाईट' एडिशन पेश किया .2026 क्लासिक 350 'सिग्नेचर व्हाईट' एडिशन हर राईड को और अधिक बेहतर बनाने के लिए राईडर्स पर केंद्रित कई फीचर लेकर आया है : राईडर एवं पिलियन के लिए प्रीमियम ब्राउन टूरिंग सीट्स. स्पोर्ट्स और आर्टिस्टिक विज्युअल इन्हांसमेंट्स, जिनमें साईड पैनल पर नया क्लासिक लोगो और फ्यूल-टैंक पर स्टेंसिल-स्टाईल डेकल शामिल है. साथ ही, दोनों तरफ त्र्ध बैज भी दिया गया है. इसमें एक असिस्ट और स्लिपर क्लच एवं एडजस्टेबल क्लच और ब्रेक लीवर भी दिए गए हैं, जो क्लच के इस्तेमाल को ज्यादा सुगम व आसान बनाते हैं, जिससे राईड और अधिक सुविधाजनक हो जाती है. क्लासिक 350 सिग्नेचर व्हाईट एडिशन क्लासिक 350 के टॉप-एंड वैरिएंट्स में से एक होगा। इसके अलावा, इसका एमराल्ड ग्रीन एडिशन भी उपलब्ध है.

### वनप्लस एन6 लाईट लॉन्च हुआ

इंदौर .आज ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, वनप्लस ने भारत में वनप्लस एन6 लाईट का लॉन्च कर दिया. यह 7,000 एम.ए.एच की बैटरी, 120 हर्ट्ज डिस्प्ले, 36 महीने के फ्लुएंसी प्रोटेक्शन और मिलिटरी-ग्रेड की ड्यूरेबिलिटी के साथ 'पॉवरफुली बिग' एक्सपीरिएंस लेकर आया है. इसका प्रभावी मूल्य 16,249 रुपये है। वनप्लस एन6 लाईट दो शानदार रंगों, मिडनाईट हाईप और नियो ग्रीन में उपलब्ध है. भारत में इसकी सेल आज 22 सितंबर, 2026 से भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से वनप्लस.इन, वनप्लस स्टोर ऐप, एमेजॉन.इन, वनप्लस एक्सपीरिएंस स्टोर और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स पर शुरू हो गई है. वनप्लस एन6 लाईट में 7,000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी लगी है, जो एक बार चार्ज होने के बाद तीन दिन तक चलती है. यूजर्स को स्ट्रीमिंग, ब्राउजिंग, नैविगेशन और कनेक्टेड रहने के लिए ज्यादा लंबा समय मिलता है. वनप्लस एन6 लाईट में स्मार्ट ए.आई-पॉवर्ड क्रिएटिविटी टूल्स हैं, जो रोजमर्रा की फोटोग्राफी को आसान बना देते हैं.

### ड्रीम टेक्नोलॉजी ने भारत में रोबोट वैक्यूम लॉन्च किया

इंदौर. स्मार्ट होम इनोवेशन की वैश्विक अग्रणी कंपनी, ड्रीम टेक्नोलॉजी ने आज भारत में अपने फ़्लैगशिप ड्रीम एक्स60 अल्ट्रा कम्पलीट रोबोट वैक्यूम के लॉन्च की घोषणा की- जो अपनी कैटेगरी में सबसे अधिक सक्शन पावर और सबसे स्लिम प्रोफाइल वाला ड्रीम का रोबोट वैक्यूम है. यह पूरे घर की सफ़ाई की एक नई पीढ़ी पेश करता है, जिसे अधिक इंटेलिजेंट, एडॉप्टिव और स्वायत्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. ड्रीम टेक्नोलॉजी इंडिया के प्रबंध निदेशक मनु शर्मा ने कहा हम इंटेलिजेंट होम टेक्नोलॉजी के विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं, जहाँ ध्यान इस बात से हटकर कि मशीनें क्या कर सकती हैं, इस बात पर केंद्रित हो रहा है कि वे अपने आसपास की दुनिया को कितनी समझदारी से समझ सकती हैं और उस पर प्रतिक्रिया दे सकती हैं. रोबोट वैक्यूम के साथ, हम् द्ध-संचालित पहचान, एडॉप्टिव नेविगेशन और एडवांस्ड क्लीनिंग तकनीकों के माध्यम से इस दृष्टिकोण को साकार कर रहे हैं, जो रोबोट को घर में काम करते समय अधिक प्रभावी प्रदर्शन देने में सक्षम बनाती हैं.

### हाफ ने टोरंटो फिल्म फेस्टीवल में रचा इतिहास

इंदौर .मलयालम सिनेमा ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल के मिडनाइट मेडनेस सेक्शन में एक नया इतिहास रचा है. समजद पीएस के निर्देशन में बनी हाफ इस प्रतिष्ठित सेक्शन में प्रदर्शित होने वाली पहली मलयालम फिल्म बन गई है. फिल्म की स्क्रीनिंग को दर्शकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली. स्क्रीनिंग के दौरान थिएटर कई मौकों पर तालियों से गूंज उठा और फिल्म के बाद हुए क्यू एंड ए सेशन में भी दर्शकों का उत्साह देखने को मिला. फ्रेगनेंट नेटर फिल्म क्रिएशंस के बैनर तले एन्ने संजीव और पीके संजीव द्वारा निर्मि4त हाफ ने अपने रॉ, अलग और प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव से अंतरराष्ट्रीय दर्शकों का ध्यान खींचा. फिल्म की कहानी, इसकी अनोखी प्रस्तुति और गहन माहौल ने दर्शकों पर खास प्रभाव छोड़ा. दर्शकों ने फिल्म की कहानी, इसे बनाने की प्रक्रिया, विजुअल लैंग्वेज, संगीत, साउंड डिजाइन और कलाकारों के अभिनय को लेकर सवाल किए और बातचीत की.

### हाईब इंडिया ने शुरू किया टेलेंट सर्च का अगला दौर

इंदौर. हाईब इंडिया द्वारा हाईब इंडिया ऑडिशन : फाईनल कॉल के साथ टेलेंट सर्च का अगला दौर 4 अक्टूबर को इंदौर में शुरू किया जा रहा है।इंदौर उन आठ शहरों में से एक है, जिन्हें शुरुआती ऑडिशंस को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद ऑडिशंस के सफर में नया शामिल किया गया है।इससे टेलेंट सर्च को भारत में गहराई तक ले जाने में मदद मिलेगी. द फ़ाइनल कॉल' इस सोच के साथ शुरू किया गया है कि टैलेंट देश के किसी भी कोने में मिल सकता है. हाईब इंडिया की टीम देश के अलग-अलग शहरों, कस्बों और समुदायों तक पहुँचती है. इसका मकसद उन युवा लड़कियों को मौका देना है, जो बड़े सपने देख रही हैं, अपनी आवाज़ को निखार रही हैं और खुद को नए तरीके से सामने रखना चाहती हैं. ऑडिशन को देश के और हिस्सों तक पहुंचाकर हाईब इंडिया ज्यादा से ज्यादा उभरते कलाकारों को अपना टैलेंट दिखाने, अपनी बात रखने और सही सपोर्ट पाने का मौका देना चाहता है, ताकि वे ग्लोबल स्टेज की ओर अपना पहला कदम बढ़ा सकें.

# नो कार डे पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दो पहिया वाहनों का किया इस्तेमाल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में मंगलवार को कई अफसर कार के बजाय दोपहिया, साइकिल और पब्लिक ट्रांसपोर्ट से दफ्तर पहुंचे. न्यायिक अधिकारियों ने भी निजी वाहन छोड़कर नो कार डे का संदेश दिया. खास बात यह रही कि इस अभियान की पहल करने वाले महापौर पुष्यमित्र भार्गव खुद देश में मौजूद नहीं थे. वे विदेश प्रवास पर हैं, लेकिन वहां भी उन्होंने निजी वाहन के बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर अपने काम पूरे किए.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज के दिन तीन साल पहले नो कार डे अभियान शुरू किया था। उसी के तहत आज शहर में नो कार डे पर आज करीब 20 हजार से ज्यादा कारों का उपयोग नहीं किया गया. अधिकारियों से लेकर आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने कार का उपयोग नहीं किया. इसका परिणाम यह रहा कि शहर के प्रदूषण में 10 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई. साथ ही शहर में करीब 30 प्रतिशत कारों का उपयोग कम किया गया. शहर में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान को जनता का समर्थन मिलने की उम्मीद बढ़ गई है.

**अफसरों से लेकर न्यायिक अधिकारियों तक ने बदला सफर:** नो कार डे में पर प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायिक अधिकारियों ने भी भागीदारी की. अधिकारियों ने निजी कार छोड़कर दोपहिया, साइकिल और सार्वजनिक परिवहन का विकल्प चुना. इसका मकसद सिर्फ एक दिन कार कम चलाना नहीं, बल्कि शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट और वैकल्पिक परिवहन साधनों के इस्तेमाल की आदत को बढ़ावा देना है.



### महापौर विदेश में, लेकिन अभियान से जुड़े

नो कार डे की सबसे अलग तस्वीर महापौर पुष्यमित्र भार्गव की रही. वे इस समय विदेश प्रवास पर हैं. ऐसे में इंदौर में अभियान का नेतृत्व वे नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने विदेश में रहते हुए भी निजी वाहन के बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग किया. महापौर का संदेश खास इसलिए है, क्योंकि नो कार डे का उद्देश्य केवल सरकारी अधिकारियों को एक दिन कार छोड़ने तक सीमित रखना नहीं है. इसके पीछे आम जनता की निजी वाहन पर निर्भरता कम करने और सार्वजनिक परिवहन को जिंदगी का हिस्सा बनाने पर जोर देना है.

### अन्य दिनों की अपेक्षा आज नो कार डे पर तुलना ...

- 15 सितंबर बनाम 22 सितंबर
- समय- सुबह 8 से शाम 6 बजे
- निगरानी : 8 प्रमुख चौराहे
- 15 सितंबर : 68,630 कारें
- 22 सितंबर : 47,877 कारें
- अंतर : 20,753 कारें कम
- कमी : 30.24%
- पेट्रोल बचत : 501.21 लीटर
- डीजल बचत : 824.40 लीटर







# कार सवारों ने की राजा रघुवंशी हत्याकांड के आरोपी से मारपीट

- बॉम्बे अस्पताल चौराहे पर रास्ते में खड़ी कार हटाने को लेकर हुआ विवाद
- पत्नी से भी बदसलूकी करने का आरोप

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में बॉम्बे अस्पताल चौराहे के पास रास्ते में खड़ी कार हटाने को लेकर विवाद हो गया. कार सवारों ने पहले एक महिला से कथित तौर पर बदसलूकी की, इसके बाद विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट कर दी. पुलिस ने शिकायत पर कार चालक और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है.**

घटना शुक्रवार 19 सितंबर की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच जैन नाश्ता सेंटर के सामने की है. 28 वर्षीय शिकायतकर्ता शिलोम जेम्स ने पुलिस को बताया कि रास्ते में एक फॉर्च्यूनर कार खड़ी थी. उसकी पत्नी ने हॉर्न बजाकर कार हटाने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने रास्ता नहीं दिया. इसके बाद पत्नी कार से उतरकर चालक के पास पहुंची तो कार में मौजूद तीन अन्य पुरुष और एक महिला ने उसके साथ कथित तौर पर अभद्रता शुरू कर दी. शिलोम ने पुलिस को यह भी बताया कि उसकी पत्नी के साथ बदसलूकी होते देख वह भी कार के पास पहुंचा और विरोध किया.

आरोप है कि इसके बाद कार सवारों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से मारपीट की. घटना के बाद उसने लसूड़िया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. थाना प्रभारी राजकुमार यादव का कहना है कि पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार के नंबर के आधार पर उसके चालक और साथ मौजूद लोगों की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है. पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देख रही है, ताकि विवाद और मारपीट में शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सके.

### फिलहाल जमानत पर है शिलोम जेम्स ...

शिलोम जेम्स का नाम चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच में सामने आया था. उस पर हत्याकांड के आरोपियों को लसूड़िया क्षेत्र की एक बिल्डिंग में किराए पर फ्लैट उपलब्ध कराने और उन्हें पनाह देने का आरोप लगा था. इस मामले में वह शिलांग की अदालत से जमानत पर है. वर्तमान प्रकरण में शिलोम ने खुद के साथ मारपीट की शिकायत पुलिस को दी है.

# छावनी मंडी स्थित झोपड़ी में लगी आग से मची अफरा-तफरी

नव भारत न्यूज

इंदौर. छावनी अनाज मंडी परिसर में बीती रात बारदान गोदाम के पास बनी झोपड़ी में अचानक आग लग गई. आग की लपटें उठती देख मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई. सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने समय रहते आग को गोदाम की ओर बढ़ने से रोक लिया. झोपड़ी खाली होने से घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

घटना देर रात की बताई जा रही है, सूचना मिलते ही गांधी हॉल फायर स्टेशन से दमकल वाहन मौके पर भेजे गए थे, आग झोपड़ी में तेजी से फैल चुकी थी. फायरकर्मियों ने करीब 10 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल कर डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया. प्रारंभिक जांच में झोपड़ी के समीप लगी बिजली की डीपी में स्पार्किंग को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है. आग से झोपड़ी में रखा सामान जलकर खाक हो गया. आग की लपटें बारदान गोदाम तक पहुंचतीं, इससे पहले दमकलकर्मियों ने स्थिति नियंत्रित कर ली. मामले में फायर ब्रिगेड के एसआई सुशील दुबे ने नव भारत को बताया कि आग झोपड़ी में लगी थी और पास में बारदान का गोदाम होने से इसे फैलने से रोकना प्राथमिकता थी. दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आसपास के हिस्से को सुरक्षित करते हुए आग बुझा दी थी.



## नशे में यात्री ने एयरपोर्ट पर किया हंगामा

इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सोमवार दोपहर शराब के नशे में एक यात्री ने हंगामा कर दिया. यात्री की हरकतों से एयरलाइन स्टाफ और अन्य यात्रियों को परेशानी होने लगी तो सीआईएसएफ जवानों ने उसे काबू किया और एरोड्रम पुलिस के सुपुर्द कर दिया. यात्री की पहचान सत्यवान के रूप में हुई है. वह एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-1245 से इंदौर से पुणे जाने वाला था. दोपहर करीब 3.30 बजे सिक्योरिटी होल्ड एरिया में नशे की हालत में उसने हंगामा शुरू कर दिया. स्टाफ और यात्रियों से बदसलूकी की जानकारी मिलने पर सीआईएसएफ ने उसे वहां से हटाया और टर्मिनल के बाहर ले जाकर पुलिस को सौंप दिया.

# अनंत चतुर्दशी झांकी मार्ग पर पुलिस-प्रशासन ने परखी व्यवस्थाएं

- सीपी, कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया निरीक्षण
- सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाले झांकी चल समारोह को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. मंगलवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मयंक अवस्थी सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने झांकी मार्ग का निरीक्षण किया.

अधिकारियों ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इसके बाद अभय प्रशाल के लाभमंडप हॉल में झांकियों, अखाड़ों और जुलूस के आयोजकों व संचालकों के साथ बैठक रखी गई. बैठक में आयोजन के दौरान सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने आयोजकों से चर्चा की. अधिकारियों ने आयोजन को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया.





## बच्चों को प्रेरित करने मनाया फ्रूट डे

इंदौर. एजुकासल विद्यालय में बच्चों के बीच फलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें स्वस्थ खान-पान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से फ्रूट डे मनाया गया. इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे भी विभिन्न फलों के सुंदर एवं आकर्षित रूप धारण करके विद्यालय आए, सेब, आम, अंगूर, अनार के रूप में बच्चे बहुत प्यारे लग रहे थे. शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि फल हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक है. कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अपने भोजन में फलों को शामिल करने का संदेश दिया गया.

# जीवन में ऊंचा उठना है तो झुकना सीखें

इंदौर. दुनिया को पीछे छोड़ने और दूसरों को अपने से छोटा समझने की भावना ही हमारे पतन का कारण बनती हैं. मनुष्य को जीवन में ऊँचा उठना है तो सबसे पहले झुकना सीखना चाहिए. विनम्रता कमजोरी नहीं, बल्कि महान बनने की पहली सीढ़ी है.

ये विचार हैं राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग परिसर में निर्मित विद्या-सुधा मंडप में चल रहे चातुर्मास महोत्सव में पर्युषण महापर्व की धर्मसभा में उत्तम तप धर्म की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. धर्मसभा में प्रमुख रूप से चक्रवर्ती अध्यक्ष नवीन गोधा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा, मनीष गोधा एवं शिविर के पुण्यार्जक आकाश जैन कोयला परिवार आदि ने देशभर से आए 10 हजार से अधिक शिविरार्थियों की आत्मीय अगवानी की.

श्रावक संस्कार शिविर में मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहुंचकर मुनिपुंगव सुधासागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में ओम बिरला ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, गौशाला, मंदिर निर्माण तथा युवाओं में संस्कार निर्माण जैसे सेवा कार्यों के माध्यम से धर्म को समाजसेवा से जोड़ने का जो मार्ग संतों ने दिखाया है, वह अनुकरणीय है.



# जनसुनवाई में 126 शिकायतें, जमीन से लेकर पारिवारिक विवाद तक

### सोलर पैनल के नाम पर धोखाधड़ी, पैसों के लेन-देन और साइबर फ्रॉड की शिकायतें भी पहुंचीं

नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई में मंगलवार को 126 शिकायतें पहुंचीं. इनमें जमीन और मकान से जुड़े विवाद व धोखाधड़ी के साथ पति-पत्नी, बेटा-बहू के बीच विवाद, पैसों के लेन-देन, साइबर और आर्थिक धोखाधड़ी की शिकायतें प्रमुख रहीं. सोलर पैनल लगाने के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत भी सामने आई.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आवेदकों की शिकायतें सुनीं. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार तुरंत और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए. कुछ मामलों में अधिकारियों को मौके पर ही फोन के माध्यम से भी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया. जनसुनवाई में आपसी मतभेद, महिला अपराध और पुलिस स्तर पर सुनवाई नहीं होने की शिकायतें भी आईं. जमीन प्लॉट और मकान से जुड़े मामलों में धोखाधड़ी की शिकायतों के साथ पैसों के लेन देन से जुड़े विवाद भी अधिकारियों के सामने रखे गए. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी सहित सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों में कार्रवाई शुरू की. पारिवारिक और आपसी विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता केंद्रों के माध्यम से काउंसलिंग भी कराई जा रही है, ताकि ऐसे मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जा सके.



**एक नजर में** यूपीआई चार्ज के विरोध में इंदौर में 150 से ज्यादा व्यापारियों का प्रदर्शन, बाजार से मोबाइल स्क्रीन तक पहुंचा विरोध, 10 लाख लोगों तक संदेश पहुंचाने का लक्ष्य

# मशाल लेकर सड़क पर उतरे व्यापारी, आज 'नो यूपीआई डे'

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. यूपीआई के बड़े मर्चेंट लेन-देन पर प्रस्तावित चार्ज को लेकर व्यापारियों का विरोध अब खुलकर सड़क पर आ गया है. मंगलवार को इंदौर टाइल्स एंड सेनेटरी वेयर व्यापारी एसोसिएशन के बैनर तले व्यापारियों ने रीगल स्क्वायर पर मशाल रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया. 150 से अधिक व्यापारी मशाल लेकर सड़क पर उतरे और यूपीआई बंद करो, यूपीआई पर चार्ज बंद करो के नारे लगाए. अब बुधवार 23 सितंबर को शहर में 'नो यूपीआई डे' के जरिए सांकेतिक विरोध की तैयारी है.**

मशाल रैली का उद्घाटन अहिल्या चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव गोपाल अग्रवाल और इसाक भाई चौधरी ने किया. रैली में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया. व्यापारियों ने कहा कि डिजिटल भुगतान आज कारोबार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है, लेकिन बड़े मर्चेंट लेन-देन पर प्रस्तावित शुल्क से व्यापारियों की लागत बढ़ने की चिंता है. अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर बुधवार को 'नो यूपीआई डे' मनाने की अपील की गई है. व्यापारियों से एक दिन यूपीआई भुगतान स्वीकार नहीं करने का आग्रह किया जा रहा है. संगठनों का कहना है कि यह विरोध सांकेतिक है और इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान व्यवस्था को खत्म करना नहीं, बल्कि मर्चेंट चार्ज, उसकी लागत और रिफंड जैसे मुद्दों पर सरकार एवं संबंधित संस्थाओं का ध्यान आकर्षित करना है.

**10 लाख मोबाइल स्क्रीन तक पहुंचाने की तैयारी**-विरोध को व्यापक बनाने के लिए इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने पोस्टर, कॉल सेंटर और सोशल मीडिया के जरिए अभियान शुरू किया है। शहर के प्रमुख बाजारों में 'नो यूपीआई डे' के पोस्टर लगाए जा रहे हैं. बाजारवार कॉलिंग के जरिए व्यापारियों से संपर्क किया जा रहा है. वहीं सोशल मीडिया पर डिजिटल सामग्री के जरिए अभियान का संदेश आम लोगों और व्यापारियों तक पहुंचाने की तैयारी है. संगठन ने करीब 10 लाख मोबाइल स्क्रीन तक अभियान का संदेश पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने कहा कि व्यापारियों की मांग यूपीआई या डिजिटल भुगतान के खिलाफ नहीं है. मुद्दा प्रस्तावित मर्चेंट चार्ज से बढ़ने वाली लागत और रिफंड सहित इससे जुड़े व्यावहारिक पहलुओं को लेकर है. उनका कहना है कि कम मार्जिन पर कारोबार करने वाले खुदरा व्यापारियों के लिए अतिरिक्त लागत महत्वपूर्ण हो सकती है.




### मशाल के साथ दिया संदेश

मंगलवार की रैली में व्यापारियों ने कहा- जब तक व्यापारी की मशाल जलती रहेगी, तब तक देश की अर्थव्यवस्था चलती रहेगी. प्रदर्शन में टाइल्स एंड सेनेटरी वेयर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, सचिव प्रेम माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष भावेश भाई पटेल और सह-कोषाध्यक्ष राजेश भाई सोमैया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे.